दिनांक 27 जून 2024 को सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर द्वारा वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक के बाद अलग से केन्द्र के सभी कर्मचारी के साथ की गई बैठक की कार्यवाही प्रतिवेदन।

1. जल जमाब की परिस्थिति में पोषण वाटिका में Nutritional Perennial Plantation (पोषक बारहमासी पौधो का वृक्षारोपण) कराया जाय।
2. निष्प्रयोग/निष्क्रिय पुराने यन्त्रों एवं सामग्रियों की नीलामी करायी जाय।
3. S.C.S.P कार्यक्रम की गतिविधियों को प्रोजेक्ट के आधार पर प्रस्तु किया जाय।
4. केन्द्र के कर्मियो को दैनिक कार्य के संधारण हेतु पूर्व में दिये गये निदेशो का अनुपालन नहीं होने पर सह निदेशक प्रसार शिक्षा महोदय द्वारा दुःख व्यक्त किया गया एवं इसे केन्द्र के सभी कर्मियों अनिवार्य रुप से अनुपालन करने का निदेश दिया।
5. डॉ० संजीत कुमार (वि० व० वि० पौधा संरक्षण) से कारण बताओं नोटिश दिया जाय कि किन कारणों से अपने कार्यों से सम्बन्धित अभिलेखों को प्रसतुत नहीं किया एवं केन्द्र के अन्य वि० व० वि० के अलमारी में अभिलेख बन्द होना बताया गया। जबाव से निदेशालय को अवगत कराया जाय।
6. डॉ० संजीत कुमार (वि० व० वि० पौधा संरक्षण) एवं श्री मनीष कुमार प्रक्षेत्र प्रबन्धक के सभी अभिलेखों की अन्तिम दो पेज की छायाप्रति 2 दिनों के अन्दार निदेशलय में प्रस्तुत किया जाय।

2.7.2024

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र अररिया

2/7/2024

**दिनांक 27 जून 2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया में संपन्न वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 15वीं बैठक का कार्यवाही प्रतिवेदन।**

कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 15वीं. बैठक दिनांक 27 जून 2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र, सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता डॉ० आर.एन. सिंह सह–निदेशक प्रसार शिक्षा द्वारा की गई। बैठक का उदघाटन प्रातः 11:30 बजे माननीय अध्यक्ष, सह–निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, मुख्य अतिथि, एवं अन्य सम्मानित सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। सभी सदस्यों का स्वागत, डॉ० विनोद कुमार, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया द्वारा किया गया। सदस्यों से संक्षिप्त परिचय प्राप्त करने के बाद माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कृ० वि० के०, अररिया का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की पिछली बैठक के बाद 23 जून 2023 से जून 2024 तक का प्रगति प्रतिवेदन एवं प्रस्तावित योजना 2024–25 की प्रस्तुति डॉ० विनोद कुमार, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया के द्वारा किया गया। इस बैठक में चौदहवीं. वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई जिसे समिति द्वारा संपुष्ट किया गया। बैठक में लिए गए निर्णय एवं सुझाव से सम्बन्धित कार्यवाही प्रतिवेदन निम्नवत है।

1. कृ. वि. के. अररिया के पोर्टल पर गतिविधियों को अपलोड के मामले में देशभर में वर्तमान 61 वें स्थान से उपर करने के लिए प्रयास को और अधिक तेज किया जाय।
2. जिले के कुछ गाँवों में कराये गये मृदा परीक्षण से प्राप्त परिणाम में पोटाश की कमी देखी गई हैं। इस दशा में खेत में ही धान के पुआल का 9 ईच अवशेष का प्रबन्धन की सम्भावना को वैज्ञानिक अनुशंसा के मद्देनजर किया जाय।
3. कुपोषण योजना में नोडल वैज्ञानिक के साथ सभी कर्मियों को जोड़ा जाय। मुख्य कार्य का दायित्व नोडल पदाधिकारी का होगा।
4. कृषक खेत पर परीक्षण की प्रस्तुति वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन के प्रारुप के अनुसार किया जाय।
5. सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण ने कहा कि प्रशिक्षण की जानकारी कृषि विभाग अररिया को उपलब्ध कराया जाय जिससे कस्टम हायरिंग से जुड़े किसानों को प्रशिक्षित किया जा सके।
6. शस्य विज्ञान के ऑन फार्म ट्रायल में किसानों की पद्दति में अनुशंषित उर्वरक मात्रा को हटाया जाय व किसानों द्वारा वास्तविक उपयोग किए जा रहे उर्वरक मात्रा को ही बताया जाय एवं लिखा जाय।
7. ऑन फार्म ट्रायल में इनपुट की स्थानीय उपलब्धता, फसलों की प्रमुख समस्या एवं तकनीकी के श्रोत को घ्यान में रखते हुए ही नवीनतम तकनीकी विकल्प को तैयार किया जाय।
8. आत्मा अररिया द्वारा कृ. वि. केन्द्र में किसानों के परिभ्रमण को और अधिक बढ़ाया जाय।
9. डी.डी.एम. नाबार्ड के साथ मिलकर किसानों के हित के लिए परियोजना तैयार कर नाबार्ड के साथ काम किया जाय।
10. केन्द्र के गतिविधि को आकाशवाणी पुर्णियाँ से साझा किया जाय जिससे किसानों के बीच इसकी पहूँच बढ़ सके।
11. संकुल अग्रीम पंक्ति प्रत्यक्षेण कार्यक्रम में तरल उर्वरक यथा नैनो यूरिया, नैनो डी.ए.पी. सूक्ष्म पोषक तत्व व कीटनाशकों का छिड़काव ड्रोन के माध्यम से अधिकाधिक कराया जाय ताकि किसानों के शुद्ध मुनाफे में वृद्धि हो। इस हेतु नजदीकी कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज से आग्रह किया जा सकता हैं।
12. बाढ़ से गत साल नष्ट हुए वर्मीकम्पोस्ट को ध्यान में रख्ते हुए पुराने बेकार पड़े गोदाम में वर्मी कम्पोस्ट इकाइयों को चालू करने की सम्भावना को देखा जाय।

2/7/24

13. नवनिर्मित कृषि यंत्र शेड की तकनीकी व भौतिक जांच करवाने हेतु कार्रवाई किया जाय।
14. सी. आर. ए. अंगीकृत गाँव मौसम की प्रतिकुलता के आलोक में गीला डी. एस. आर. को बढ़ावा दिया जाय।
15. केंद्र के प्रशासनिक भवन एवं आवासीय क्वार्टर के जर्जर स्थिति को देखते हुए इसे कार्य लायक बनाने हेतु प्राक्कलन तैयार कर भेजा जाय।
16. डी.डी.एम. नावार्ड ने सुझाव दिया कि मक्का में Popcorn (पॉपकॉर्न) एवं गुणवत्ता युक्त मक्का कुछ काम करने की आवश्यकता हैं तथा Exotic fruit & vegetables (विदेशी फल और सब्जियाँ) पर भी कार्य करने की आवश्यकता जताई।

अंत में अध्यक्ष के संबोधन के उपरांत धन्यवाद ज्ञापन केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ० संजीत कुमार के द्वारा किया गया, तदोपरान्त प्रक्षेत्र भ्रमण एवं बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

बैठक में उपस्थित माननीय सदस्यगण की उपस्थिति निम्न प्रकार रही :–

1. डॉ० आर.एन. सिंह सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर।
2. डॉ० विनोद कुमार, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया।
3. श्री संतोष कुमार, प्रतिनिधि, जिला कृषि पदाधिकारी, अररिया।
4. श्री संतोष कुमार, प्रतिनिधि, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, अररिया।
5. श्रीमती नेहा कुमारी, सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण, अररिया।
6. श्री संतोष कुमार, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, अररिया।
7. प्रतिनिधि, जिला पशुपालन पदाधिकारी, अररिया।
8. प्रतिनिधि, जिला मत्स्य–पालन पदाधिकारी, अररिया।
9. श्री मयंक कुमार, डी. डी. एम. नाबार्ड, अररिया।
10. प्रतिनिधि, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आरसेटी, अररिया।
11. श्री हरिमोहन झा, प्रगतिशील किसान, भरगामा।
12. श्री रविन्द्र मोहन मेहता, प्रगतिशील किसान, सुखी, फारबिसगंज।
13. श्रीमती प्रियंका वर्मा, प्रगतिशील महिला किसान।
14. श्री नागर जी, आकाशवाणी, पुर्णियाँ।
15. मो. साहिद बसीर, मुन्ना जी, डी.डी. न्यूज।
16. डॉ० उदय कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, सिंचाई अनुसंधान केन्द्र, अररिया।
17. डॉ० संजीत कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ. पौधा रोग विज्ञान।
18. डॉ० ऐ. के. मौर्य, विषय वस्तु विशेषज्ञ (शस्य विज्ञान) कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया।
19. डॉ० श्रीमती प्रतिभा कुमारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया।
20. श्री मनीष कुमार, प्रक्षेत्र प्रबंधक, कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया।
21. मो० आफताब आलम, कार्यक्रम सहायक, (एल० टी०) कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया।
22. श्री धनंजय कुमार, सहायक, कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया।
23. श्री अमित आनंद, कार्यक्रम सहायक, कम्प्युटर, कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया।
24. श्री गौतम कुमार निराला, आशुलिपिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया।

2.7.2024

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र अररिया

पत्रांक : 172 /कृ० वि० के०, अररिया

दिनांक : 02/07/2024

प्रतिलिपि :– सभी सम्मानित सदस्य को सूचनार्थ प्रेषित।

2.7.2024

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

2/7/24

कृषि विज्ञान केन्द्र अररिया

पत्रांक : 172 /कृ० वि० के०, अररिया | दिनांक : 02/07/2024

प्रतिलिपि :– निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, पटना जोन – IV को सूचनार्थ प्रेषित।

2.7.2024

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र अररिया

पत्रांक : 172 /कृ० वि० के०, अररिया | दिनांक : 02/07/2024

प्रतिलिपि :– निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर को सूचनार्थ प्रेषित।

2.7.2024

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र अररिया

प्रतिलिपि :– माननीय कुलपति के निजी सचिव को माननीय कुलपति बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के अवलोकनार्थ प्रेषित।

2.7.2024

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र अररिया